S-VI
Commu. Psy
DSE - IV

नन पेशेवरों की सेवाओं का उपयोग

UTILIZATION OF THE SERVICES OF NONPROFESSIONALS

अक्सर कुछ एसे व्यक्तियों की सेवाओं का उपयोग सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में लिया जाता है जो औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं होते इन्हे ही नन पेशेवर की संज्ञा दी जाती है एसे नन पेशेवर में प्राय: स्कूल कालेज के छात्र, किशोर परिपक्व महिलाए या अन्य व्यस्क लोग जिन्हे मानसिक ~~स्वास~~ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई प्रशिक्षण या डिग्री प्राप्त नहीं होती है शामील किये जाते है एसे लोगों की सेवाए किसी अस्पताल उपचार गृह सामुदायिक मानसिक कार्यक्रम स्कूल घर या देखभाल गृह शाला आदी में प्राप्त की जा सकती है। जिसके बदले इन्हे कभी भुगतान किया जाता है तो कभी नहीं या कभी आंशिक भुगतान किया जाता है।

सामुदायिक मनोवैज्ञानिकों ने ननपेशेवरों की सेवाओं के प्रयोग एवं उन्हे कुछ सामान्य प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर कई कारणों से बल डाला जिनमे चार कारण काफी महत्वपूर्ण है –

1. **कार्य कर्त्ता की संख्या में वृद्धि – Increase in the numbers of workers –** यह पूर्णतया सत्य है कि ननपेशेवरों की उपस्थिति से मानसिक स्वास्थ्य ~~कार्यक्रम~~ कार्यकर्त्ताओं की संख्या में वृद्धि हो जाती है जिससे पेशेवरों को अपने कार्य में काफी सहायता मिलती है। ~~ननपेश~~ नन पेशेवर पेशेवरों के सहायक के रूप में कार्य करके उन्हे (पेशेवर) अधिक से अधिक रोगियों को देखने हेतु समय निकालने में सहायता करते है जिस कारण नन पेशेवरों की सेवाओं को पेशेवर द्वारा काफी पसंद किया जाता है।

2. **कार्यकर्त्ताओं के सहायक गुण – Unusual qualities of workers –** सामुदायिक मनोवैज्ञानिकों का मत है कि

Scanned with CamScanner

नन पेशेवरों द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रमों में एक गतिशीलता आ जाती है जिसकारण इनकी सेवाओं को सदैव उचित ठहराया जाता है। ऐसे में मनोवैज्ञानिकों का मत है कि निम्न वर्ग के लोगों तथा अल्प-संख्यक समुदाय के व्यक्तियों को उनके घरों में जाकर अपनी सेवा प्रदान करने में पेशेवर हिचकिचाते हैं जबकि ननपेशेवरों को ऐसे रोगियों के घर जाकर भी सेवा देने में कोई हिचकिचाहट नहीं होती है। कभी-कभी औषध व्यसनी अपराधी या मानसिक रोगियों जो अपने-अपने लोग की समस्याओं से पूरी तरह अवगत रहते हैं को भी लोग बहुत प्रशिक्षित कर उनकी सेवाएं ननपेशेवरों के रूप में ली जा सकती हैं। और सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को उन्नत बनाया जा सकता है।

3. कार्यकर्ताओं का मनोवैज्ञानिक वृद्धि वर्द्धन - Psychological growth and competence of the workers - जब ननपेशेवरों का उपयोग सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के रूप में करते हैं तो उनमें आत्मविश्वास तथा विशिष्टता के भाव विकसित हो जाते हैं जिससे उनका मनोवैज्ञानिक वर्द्धन तो होता ही है साथ में सामर्थ्यता भी बढ़ जाती है। इस तरह जब ये दूसरों की मदद करते हैं तो एक तरह से अपने आप को समझते हैं और मदद करते हैं। जैसे एक शिक्षक छात्रों को पढ़ाते समय स्वयं भी बहुत सी चीजों को सीखता है।

4. पेशेवर जीविका में नियुक्ति - Recruitment into professional careers - नन पेशेवरों को जब मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल किया

Scanned with CamScanner

जाता है तो उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। और वे उस क्षेत्र में अपनी अभीरुचि और अभिक्षमता की जांच करके अपने आपको तौलने में सामर्थ्य हो हो पाते हैं। ऐसी अनुभूतियों से उन्हें कुछ विशिष्टता आ जाती है जिसके आधार पर उन्हें बाद में यदि वे अपनी जीविका एक पेशेवर के रूप में शुरू करना चाहते हैं तो काफी सुविधा होती है।

इसप्रकार स्पष्ट हो जाता है कि कई कारणों से मनोवैज्ञानिकों ने इनकी सेवाओं को युक्तिसंगत ठहराया। किन्तु अब प्रश्न यह उठता है कि ऐसे ननपेशेवरों का सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में क्या योगदान होता है तो सामुदायिक मनोवैज्ञानिकों ने ऐसे नन पेशेवरों द्वारा दिये जाने वाले योगदानों को मुख्यतः तीन श्रेणियों में बांटा है —

1. नन पेशेवर पेशेवर के मुख्य कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं जैसे - यदि रोगी पर कोई मनोवैज्ञानिक परीक्षण का क्रियान्वयन किया जाना है तो इस कार्य को आसानी से ननपेशेवर कर देते हैं और तब उससे प्राप्त आंकड़ों की व्याख्या पेशेवर अपने ढंग से करते हैं। इस प्रकार से एक पेशेवर को नन पेशेवर से काफी सहायता मिल जाती है।

2. नन पेशेवर पेशेवर के कार्यों में एक घनिष्ठ सहायक के रूप में भी कार्य करते हैं जैसे - पेशेवर जब अस्पताल में या मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाते हैं तो नन पेशेवर भी उनके साथ जा कर पेशेवरों ~~की~~ की कार्यों में

शारीरिक रूप से सहायता प्रदान करते है।

3. नन पेशेवर अपने विशेष व्यवहारिक अनुभवों के कारण कभी कभी मनचिकित्सक का भी कार्य बहुत हद तक सफल ढंग से कर देते है। इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि नन पेशेवर का सामुदायिक मानसिक कार्यक्रम में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

04/05/2020